# अम्बाला भास्कर

पानीपत | बुधवार, 21 मई, 2025

नारायणगढ़ • शहजादपुर साहा • बराड़ा • मुलाना

Dainikbhaskar.com


**मिशन एडमिशन** • यूजी कोर्सेज में दाखिले के लिए कॉलेजों में पहुंच जानकारी ले रहे विद्यार्थी, जिले में 13 सरकारी व गैर सरकारी कॉलेजों में कोर्स की 9,375 सीटें

# कैंट गवर्नमेंट कॉलेज में बीए की 400 सीटें, जीएमएन में बीबीए-बीसीए की 60-60 सीटें बढ़ीं

भास्कर न्यूज | अम्बाला

यूजी कोर्सेज में दाखिलों के लिए सोमवार से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पोर्टल पर तकनीकी खामी के चलते विद्यार्थी शाम 4 बजे तक आवेदन नहीं कर पाए थे। मंगलवार को आवेदन प्रक्रिया सुचारू रूप से चली। विद्यार्थी कॉलेजों में जाकर हेल्प डेस्क पर कोर्सेज के बारे में जानकारी ले रहे हैं।

जिले में 13 सरकारी व गैर सरकारी कॉलेजों में विभिन्न कोर्स की 9,375 सीटें हैं। वहीं, इस बार सीबीएसई व एचबीएसई से 11,606 विद्यार्थियों ने 12वीं पास की है। सीटों के मामले में कैंट गवर्नमेंट कॉलेज कुल 1,320 सीटों के साथ जिले में पहले स्थान पर है। यहां बीए की सर्वाधिक 400 सीटें हैं। वहीं, 1,293 सीटों के साथ कैंट का एसडी कॉलेज दूसरे व 1010 सीटों के साथ सिटी का एसए जैन कॉलेज तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा कैंट के जीएमएन कॉलेज में इस बार बीबीए व बीसीए की 60-60 सीटें बढ़ाई गई हैं। कॉलेज में कुल सीटें 810 से बढ़कर 930 हो गई हैं। डीएवी कॉलेज सिटी में बीए में 320, बीकॉम जनरल 240, बीकॉम (कंप्यूटर एप्लिकेशन) 50, बीएससी (लाइफ साइंस) 80, बीएससी (फिजिकल साइंस) 200 व बैचलर ऑफ फैशन डिजाइनिंग में 30 सीटें हैं। वहीं, राजकीय महिला कॉलेज सिटी में बीकॉम की 80 व बीए की 160 सीटें हैं।



## 1,293 सीटों के साथ कैंट का एसडी कॉलेज जिले में दूसरे व 1010 सीटों के साथ सिटी का एसए जैन कॉलेज तीसरे स्थान पर

| कॉलेज कुल | सीटें |
|---|---|
| • गवर्नमेंट कॉलेज कैंट | 1,320 |
| • गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज सिटी | 320 |
| • गवर्नमेंट कॉलेज नारायणगढ़ | 910 |
| • गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज शहजादपुर | 350 |
| • गवर्नमेंट कॉलेज साहा | 500 |
| • जीएमएन कॉलेज कैंट | 930 |
| • एसडी कॉलेज कैंट | 1,293 |
| • आर्य गर्ल्स कॉलेज कैंट | 585 |
| • एसए जैन कॉलेज सिटी | 1010 |
| • डीएवी कॉलेज सिटी | 930 |
| • एमडीएसडी कॉलेज सिटी | 350 |
| • देव समाज कॉलेज सिटी | 350 |
| • एसजीएचएस खालसा कॉलेज | 357 |

**▪ गवर्नमेंट पीजी कॉलेज कैंट**

यह कैंट का सबसे बड़ा सरकारी कॉलेज है। फीस कम होने से यहां तय समय में ही सभी कोर्सेज की सीटें लगभग फुल हो जाती हैं। यहां बीए में 400, बीकॉम (जनरल) 240, बीकॉम (कंप्यूटर एप्लिकेशन) 60, बीएससी (लाइफ साइंस) 60, बीएससी (फिजिकल साइंस) 120, बीसीए 100, बीटीएम 60, बीएएमसी 60, बीबीए 60, बीए ऑनर्स (इंग्लिश) 60, बीए ऑनर्स (पॉलिटिकल साइंस) 40, बीकॉम ऑनर्स में 60 सीटे हैं।

**▪ एसडी कॉलेज कैंट**

यहां बीए में 380, बीकॉम जनरल 180, बीकॉम (सेल्स, प्रमोशन, सेल्स मैनेजमेंट) 40, बीकॉम (कंप्यूटर एप्लिकेशन) 45, बीकॉम (ऑफिस मैनेजमेंट एंड सिक्रेटिरियल प्रैक्टिस) 40, बीएससी (लाइफ साइंस) 90, बीएससी (होम साइंस) 30, बीएससी (फिजिकल साइंस) 205, बीएससी (इंफोर्मेसन टेक्नोलॉजी) 40, बीसीए 120, बीबीए 60, बीए ऑनर्स (इंग्लिश) 50, बीए ऑनर्स (पॉलिटिकल साइंस) में 50 सीटें हैं।

**▪ एसए जैन कॉलेज सिटी**

प्रिंसिपल डॉ. आभा बंसल ने बताया कि माइनोरिटी कॉलेज होने के चलते यहां दाखिले के लिए ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन की भी सुविधा है। यहां बीए में 320, बीकॉम जनरल 300, बीकॉम ऑनर्स 60, बीकॉम (कंप्यूटर एप्लिकेशन) 30, बीकॉम (सेल्स, प्रमोशन, सेल्स मैनेजमेंट) 30, बीकॉम (फोरन ट्रेड) 30, बीएमसी 30, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस 160 व बैचलर ऑफ फिजिकल व हेल्थ एजुकेशन में 50 सीटें हैं।

**▪ जीएमएन कॉलेज कैंट**

कॉलेज में बीए बीएड के 4 वर्षीय इंटिग्रेटेड कोर्स शुरू करने की मई के अंत तक मंजूरी मिलने की उम्मीद है। यहां बीए में 240, बीकॉम जनरल 80, बीकॉम (सेल्फ फाइनेंस) 80, बीकॉम (कंप्यूटर एप्लिकेशन) 30, बीएससी (लाइफ साइंस) 30, बीएससी (फिजिकल साइंस) 80, बीसीए 120, बीसीए (एआई) 60, बीबीए 120, बीए ऑनर्स (इंग्लिश) 30, बीए ऑनर्स (पॉलिटिकल साइंस) 30, बीकॉम ऑनर्स में 30 सीटें हैं।